हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 23 जून 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

एसडीएम एवं तहसीलदार ने रेत से भरे हाइवा को पकड़ा 12



कबीर के दोहों में छिपा है सुखी जीवन का राज 14



## खबर संक्षेप

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक आज

**धमतरी।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ की धमतरी जिला इकाई की मासिक बैठक 23 जून रविवार को सुबह 10.30 बजे रुद्री रोड स्थित खाई खजाना होटल में रखी गई है। परिषद के जिला अध्यक्ष केपी साहू ने पूर्व सैनिक सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### टीईटी-पीपीटी की प्रवेश परीक्षा आज

**धमतरी।** व्यापमं व्दारा रविवार 23 जून को धमतरी शहर में टीईटी की प्रवेश परीक्षा दो पाली में होगी। प्रथम पॉली प्रातः 9:30 से 12:15 बजे तक 18 केन्द्रों में कुल 5587 परीक्षार्थी शामिल होंगे जो कक्षा पहली से पांचवी तक अध्यापन के लिए एवं व्दितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 से संध्या 4:45 बजे तक 31 केन्द्रों में कुल 9220 परीक्षार्थी शामिल होंगे जो कक्षा छठवीं से आठवीं कक्षा के अध्यापन के लिए आयोजित होगी। इसी प्रकार 23 जून को ही 5 केन्द्रों में पीपीटी की परीक्षा प्रातः 9 से 12:15 बजे तक आयोजित होगी जिसमें 1049 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### लोहरसी में कलार समाज का चुनाव हुआ

**धमतरी।** गत दिनों डड़सेना सिन्हा समाज ग्राम लोहरसी का चुनाव क्षेत्राधिकारी राजेन्द्र कुमार गजेन्द्र की अध्यक्षता में किया गया। ग्राम प्रमुख हरिनाथ सिन्हा, युवा प्रमुख यशवन्त गजेन्द्र तथा महिला प्रमुख श्रीमती सावित्री सिन्हा सर्वसम्मति से चुने गए। मौके पर कमलनारायण सिन्हा, प्रमोद सिन्हा, देवनारायण गजेन्द्र, देवराम गजेन्द्र, देवकरण गजेन्द्र समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

### तहसील साहू समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**मगरलोड।** तहसील साहू समाज मगरलोड का वार्षिक सम्मेलन 23 जून को पाहंदा में रखा गया है। रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी। मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल साहू होंगे। अध्यक्षता विधायक ओंकार साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष साहू संघ अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, प्रदेश महामंत्री दयाराम साहू, जिपं सदस्य कुसुमलता साहू, जपं उपाध्यक्ष राजेश साहू, नपं अध्यक्ष नीतू खिलावन साहू, राजिम भक्तिन माता समिति अध्यक्ष लालाराम साहू, जिला साहू समाज उपाध्यक्ष तोरण साहू, केकती साहू, जिला साहू संघ महामंत्री यशवंत साहू, पूर्व जिपं सदस्य लक्ष्मीकांता साहू, धमतरी तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू, कुरूद तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू, भखारा तहसील अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, धमतरी तहसील अध्यक्ष रोहित साहू होंगे।

### कैचमेंट एरिया की बारिश नदी में आने से पहले ही सूख गई

# मानसून आया पर बांधों तक पानी नहीं लाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अभी तक हुई बारिश की बूंदों को नदियां पी गई हैं। बांधों तक थोड़ा भी पानी नहीं पहुंचा है। मानसून के सक्रिय होने के बाद भी बांध प्यासे हैं। कैचमेंट एरिया में झमाझम बारिश होने पर ही बांधों में आवक शुरू होगी।

मानसून की आवक को लेकर सारे फोरकास्ट विफल हो गए हैं। इस बार समय से पहले मानसून के सक्रिय होने का अनुमान लगाया गया था लेकिन तय समय में मानसून नहीं पहुंचा। दो दिन पहले अंचल में मानसून की आमद हुई। इसके बाद भी बारिश काफी कम हो रही है। बांधों के कैचमेंट एरिया में तो स्थिति और भी खराब है। खजुरावन में अब तक 59 मिमी और बिरगुड़ी क्षेत्र में 30 मिमी वर्षा हुई है। महोद में तो बारिश का आंकड़ा शून्य है। कैचमेंट एरिया में हुई बारिश तो नदी में आने से पहले ही सूख गई। बांधों तक थोड़ा भी पानी नहीं पहुंचा है। मानसून के सक्रिय होने के बाद भी बांधों में आवक शुरू नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है।



#### बांधों की यह है स्थिति

गंगरेल क्षेत्र में 1 जून से लकर अब तक 127 मिमी बारिश हो चुकी है लेकिन इससे बांध के लेवल में जरा भी इजाफा नहीं हुआ है। गंगरेल बांध में मात्र 1.3 टीएमसी उपयोगी पानी है। माड़मसिल्ली बांध क्षेत्र में 66 मिमी बारिश हुई है। 0.20 टीएमसी उपयोगी पानी है। दुधावा बांध क्षेत्र में 56 मिमी बारिश हुई है। सोंदूर बांध क्षेत्र में 70 मिमी बारिश हुई है। यहां 0.702 टीएमसी पानी ही उपयोग के लायक है।

#### औसत से आधी बारिश

पिछले 10 साल के रिकार्ड के आधार पर 22 जून तक जिले में औसत 123.9 मिमी वर्षा होती आई है। इस साल मानसून की लेटलतीफी के चलते मात्र 70.1 मिमी वर्षा हुई है। सबसे कम वर्षा धमतरी तहसील में 43 मिमी हुई है। इधर कुरूद तहसील में 47 मिमी, मगरलोड में 53.2, नगरी में 98.6, भखारा 79.3, कुकरेल में 66 और बेलरगांव में 102.8 मिमी वर्षा हुई है।


#### किसानों की चिंता बढ़ी

बारिश नहीं होने से खेती किसानी के पिछड़ने का खतरा बना हुआ है। अभी तक किसान खुर्रा जुताई भी नहीं कर पाए हैं। उल्लेखनीय है कि बारिश के अभाव में किसानों को खेती शुरू करने के लिए बांधों से पानी दिया जाता था लेकिन इस साल बांधों की हालत काफी दयनीय है। ऐसे में किसानों को बांधों से पानी मिलने की गुंजाइश नहीं है। किसानों को इस साल मानसून के भरोसे बोनी करनी होगी।

## तीन दिन बाद भारी वर्षा की संभावना

### बंगाल की खाड़ी में बन रहा है सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में मानसून की हल्की मध्यम बारिश के बाद अब 26 जून से झमाझम बारिश के लिए सिस्टम तैयार हो रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर दोनों तरफ सिस्टम तैयार हो रहा है। छत्तीसगढ़ और इससे सटे उड़ीसा के ऊपर निचले स्तरों से मध्य स्तरों तथा एक साईकोलिन सर्कुलेशन बना हुआ है जिसके कारण रायपुर, दुर्ग तथा बस्तर संभाग के एक दो स्थानों पर शनिवार को मध्यम से भारी वर्षा होने के आसार हैं। रविवार को अगले 3 दिनों तक वर्षा गतिविधियों में कमी आ सकती है। 26 जून से प्रदेश में वर्षा की गतिविधियां बढ़ने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है।

#### अधिकतम तापमान 32 डिग्री रहा

एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण को लेकर झारखंड पश्चिम बंगाल होते हुए उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक 0.9 किमी ऊपर फैली हुई है। एक चक्रवाती परिसंचरण आंतरिक उड़ीसा से सटे छत्तीसगढ़ के ऊपर समुद्र तल से 1.5 और 7.6 किमी के बीच स्थित है। प्रदेश के एक दो स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री रहा।

#### गरज-चमक के दौरान सुरक्षा के उपाय

मौसम विज्ञान विभाग ने गरज-चमक के दौरान सेफ्टी के टिप्स दिए हैं, जिसमें गड़गड़ाहट सुनने के बाद घर के अंदर रहें। अगर घर से बाहर हैं तो जमीन की तरफ झुककर उखड़ू बैठ जाएं। पेड़ों के नीचे आश्रय नहीं लें। पानी क्षेत्र से दूरी बनाकर रखें। बिजली, धातु के खंभों के नीचे खड़े न हों।

# खोड़िया तालाब की मछलियां मरने लगी, बदबू से वार्डवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- मृत मछलियों को तालाब से बाहर निकालकर गड्ढों में पाटा गया

विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित खोड़िया तालाब की मछलियां इन दिनों मरने लगी है। हजारों मृत मछलियों को तालाब के किनारे डंप किया गया है। इससे वार्ड में असहनीय बदबू फैल गई है। लोगों ने मृत मछलियों को तालाब से बाहर निकालकर गड्ढा खोदकर पाट दिया है।

वार्डवासी त्रिभुवन सिंह, विनोदकुमार पाटेल, नवलकिशोर साहू, रामजी पटेल ने बताया कि तालाब किनारे बड़ी मात्रा में मछलियां मरी हुई थी जिसकी जानकारी प्रशासन को दी है। सूचना मिलने पर वार्ड पार्षद राजेश पांडे भी मौके पर पहुंचे तथा मृत मछलियों को तालाब से बाहर निकालने की कार्यवाही शुरु करवाई। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में मछलियां मरी हुई हैं जिसे बाहर निकालकर जेसीबी के माध्यम से गड्ढा खोदकर पाटा जा रहा है। श्री पांडे का कहना है कि वार्डवासियों के बताए अनुसार इन मछलियों को दवाई देकर मारा जा रहा है। इसकी जांच करवाई जाएगी। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि मौसम परिवर्तन होने की वजह से छोटी मछलियां मर रही हैं। इसके अलावा नालियों का गंदा पानी मछलियों के लिए अनुकूल नहीं है जिसकी वजह से 3 क्विंटल से अधिक छोटी मछलियां मर गई। इसमें तेलबिया और अन्य सरकारी मछली शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि तालाब के पानी में आक्सीजन की कमी के कारण छोटी मछलियां मर जाती हैं। नाली के गंदे पानी में कार्बन गैस अधिक रहती है तथा आक्सीजन की मात्रा कम रहती है।



### धीवर समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

**पुरी।** छग धीवर समाज परगना कंडेल का वार्षिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 23 जून रविवार को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता बसंत तारक संरक्षक धीवर समाज रायपुर परगना करेंगे। विशिष्ट अतिथि मोतीराम हिरवानी पूर्व अध्यक्ष धीवर समाज आमदी परगना, संरक्षक कंडेल परगना भगवानदीन मछेंद्र, अध्यक्ष कंडेल परगना चोवालाल धीवर देवरी, सचिव कंडेल परगना केशवराम धीवर भोथा होंगे।

# पेड़ से टकराया ट्रक चालक हुआ घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- भोयना के पास हुआ हादसा

नगरी मार्ग से गुजर रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इस घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम महाराष्ट्र का दसचकिया ट्रक क्रमांक एमएच 37 टी 1768 रेत भरने के लिए नगरी मार्ग से होते हुए जंवरगांव की तरफ जा रहा था। इसी दौरान ग्राम भोयना के पास ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। पेड़ से टकराने से ट्रक का केबिन पिचक गया जिससे चालक प्रहलाद पिता रामदेव उम्र 40 वर्ष महाराष्ट्र निवासी स्टेयरिंग के बीच फंस गया। वहीं कंडक्टर हादसे से पहले ट्रक से कूद गया जिसके कारण वह घायल होने से बच गया। काफी मशक्कत के बाद चालक को ट्रक से बाहर निकाला गया। इस घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे संजीवनी 108 की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

- हड़ताल पर चले जाने से आयुष्मान आरोग्य मंदिर का कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर शनिवार से गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। इससे स्वास्थ्य संबंधित कार्य ठप हो गया है। हड़ताल प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनरतले हो रही है। हड़ताल में बैठे कर्मचारियों ने अपनी मांगों के संबंध में जमकर नारेबाजी की।

अध्यक्ष हिरामन साहू ने बताया कि संघ की तीन प्रमुख मांगों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का लंबित कार्य आधारित वेतन पीएलपी का भुगतान मई 2024 तक पूरा किया जाए। आगामी माह से 15 तारीख के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की सुरक्षा को देखते हुए उनके गृह जिला में स्थानांतरण की छूट दी जाए। मुख्यालय निवास का घेरा मुख्यालय से 8 किमी की परिधि में रखा जाए। पदाधिकारियों ने बताया कि धमतरी जिले में 129 अधिकारी कार्यरत हैं। प्रदेश स्तर पर अधिकारियों की संख्या 3500 हैं। वे आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्य करते हैं। इनका मुख्य कार्य बीपी, शुगर जांच के अलावा कैंसर के मरीजों की स्क्रीनिंग करनी है। हड़ताल में चले जाने से कामकाज ठप है। हड़ताल में हिरामन साहू, नीलेश्वर साहू, खिलेंद्र साहू, टिकेश्वर साहू, वेदिका साहू, दुर्गेश्वरी साहू, चित्रा साहू, कुलदीप राजपूत, तेजेश्वर साहू, संजय नारंग सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।





# शुष्क दिवस पर शराब बिचौलियों ने जमकर काटी चांदी

- 90 की प्लेन दारू 150 तथा 110 की मसाला शराब 180 रुपए में बिकी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शनिवार को शुष्क दिवस पर शराब बिचौलियों ने जमकर मुनाफा कमाया। 90 रुपए में मिलने वाली प्लेन दारू 150 तथा 110 की मसाला शराब 180 रुपए में बिकी। शराब के आदी कई लोग शराब पीकर दिन की शुरूआत करते हैं। ऐसे लोग शुष्क दिवस पर पहले से शराब का इंतजाम कर लेते हैं लेकिन कबीर जयंती पर मयकशों को काफी महंगे दाम में शराब खरीदनी पड़ी है।

शराब के शौकिन जसवंत पटेल ने बताया कि कबीर जयंती पर शुष्क दिवस होने की जानकारी बहुत कम शराबप्रेमियों को थी। सुबह जब शराब दुकानों के बंद होने की जानकारी लगी तो लोग बिचौलियों की ओर रूख करने लगे। बताया जाता है कि शहर के मकेश्वर वार्ड, जालमपुर, शीतलापारा, लालबगीचा, दानीटोला शराब दुकान सहित ढाबों में बिचौलियों के पास शराब खरीदने पहुंचे। यहां 90 रूपए का प्लेन 150 रूपो, 110 का मसाला 180 रुपए तथा 120 का गोवा 200 रूपये में जमकर बिका। उल्लेखनीय है कि शराब दुकान चालू रहने के दौरान बिचौलिए रात को 10 बजे के बाद से सुबह 9 बजे तक प्रति पाव 20 रुपये अतिरिक्त लेकर शराब बेचते हैं।




### भीमसेन ने स्नान के लिए बनाया था, पचरी देवी की मूर्ति भी है स्थापित

# द्वापरयुगीन साक्ष्यों को समेटे हुई है अरौद महानदी किनारे बनी पचरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चार युगों में से एक द्वापरयुग के दौरान महानदी किनारे अरौद में विशाल शिलाओं से बनाई गई पचरी आज भी मौजूद है। वहां पर खुले में स्थापित पचरी देवी की मूर्ति को द्वापर युग का माना जाता है।

हमारा देश व प्रदेश प्राचीन सभ्यता व समृद्ध संस्कृति और विरासत के लिए जाना जाता है। यहां सभ्यता व संस्कृति की उत्पत्ति के साक्ष्य आज भी मौजूद हैं। इन एतिहासिक स्थलों को देखने के लिए पर्यटक पहुंचते हैं। यहां कई प्राचीन स्थानों को त्रेतायुग व द्वापर युग का माना जाता है। महापाषण कालीन प्राचीन विरासत के मामले में धमतरी भी पीछे नहीं है। जिले के अनेक स्थानों पर आज भी पुरावशेष अपने काल की कहानी बताता है।





#### शिलाएं महापाषाणिक काल की

पीजी कालेज में इतिहास विभाग में पदस्थ सहायक प्रोफेसर डा. हेमवती ठाकुर ने मीडिया को बताया कि अरौद पुराने जमाने का बंदरगाह था। वर्ष 2003-04 में पुरातत्व विभाग द्वारा यहां ट्रायल उत्खनन किया गया था जहां से धान की भूसी मिली थी। इससे पुरातत्वविदों ने अनुमान लगाया कि अरौद के बंदरगाह से महानदी के जलमार्ग के रास्ते अनाज कटक तक जाता था। कटक से समुद्री मार्ग से विदेश भेजा जाता था। उस समय केवल जलमार्ग ही था। इस कारण से अरौद महत्वपूर्ण स्थान है। पचरी में लगी शिलाओं के संबंध में बताया कि ये पत्थर महापाषाणिककाल ईशा 3-4 हजार वर्ष पूर्व के हैं। यह क्षेत्र प्राचीन मानव सभ्यता का केंद्र बिंदु रहा है। यहां से मानव जाति का उद्भव और विकास हुआ है। इतिहासकारों ने भी माना कि पचरी में लगी शिलाएं अतिप्राचीन हैं।

#### क्या कहते हैं ग्रामीण

महानदी किनारे मिली पाषाण पचरी के संबंध में गांव के ध्रुवकुमार सिन्हा का कहना है कि द्वापर युग में भीमसेन ने महानदी में पचरी को बनाने इन शिलाओं को लाया था। यहां स्थापित प्रतिमा पचरी देवी की है। भीमसेन नदी में स्नान कर देवी प्रतिमा की पूजा-अर्चना करते थे। गंगाप्रसाद ध्रुव का कहना है कि जिन लोगों को पुरातत्व के साक्ष्यों पर विश्वास नहीं होता हैं, उन्हें अरौद की महानदी किनारे आकर देखना चाहिए। भीमसेन ने द्वापर युग में विशाल शिलाओं से पचरी तैयार की थी, जो हजारो वर्षो से तूफान व महानदी की भयंकर बाढ़ से टकराकर आज भी विद्यमान है।

कुछ इसी तरह का प्राचीनकालीन पुरावशेष ग्राम अरौद में भी मौजूद है। जिला मुख्यालय से 15 किमी दूरी पर स्थित ग्राम अरौद इतिहास के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण रहा है। यह गांव महानदी के किनारे बसा हुआ है। महानदी के तट पर लंबे चौड़े पत्थरों से पचरी बनी हुई है। पचरी में लगी शिलायें अपने आप में रहस्यों को समेटे हुई हैं। माना जाता है कि पचरी का निर्माण द्वापर युग में भीमसेन ने छमासी रात्रि में स्नान करने के लिए किया था। पचरी में लगा पाषाण किसी अन्य स्थान से लाया गया था। क्योंकि इस किस्म के पत्थरों का आसपास मिल पाना संभव नहीं था। वहीं पर खुले आसमान के नीचे एक देवी की मूर्ति स्थापित है जिसे पचरी देवी के नाम से जाना जाता है। प्रत्येक शिवरात्रि में यहां मेला भी लगता है। बताया जाता है कि यहां जलमार्ग ही आवागमन का मुख्य साधन था। पचरी में लगी शिलाएं इतनी मजबूत हैं कि हजारो वर्षों के बाद आज भी अपने स्थान पर टिकी हुई हैं।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने रामपुर स्कूल के मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर की छात्रा लिनीमा वैष्णव पिता सुरेश ने कक्षा दसवीं में 86 प्रतिशत और युवराज ने कक्षा बारहवीं 85 प्रतिशत के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। दोनों छात्रों को मुख्यमंत्री ने मिशन अव्वल कार्यक्रम में सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख आरके बघेल एवं शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने भी शुभकामनाएं दी हैं।

### ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

**नगरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिले में सामाजिक अनुभूति (ग्रीष्म कालीन शिविर) का आयोजन किया जा रहा है जिसमें धमतरी के विभिन्न विद्यालय महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं इस दो दिवसीय शिविर में शामिल हो रहे हैं। यह शिविर छत्तीसगढ़ प्रांत के सभी जिलों में आयोजित किया जा रहा है। धमतरी जिले में 22 से 23 जून तक शिविर लगेगा। शिविर में विभिन्न विषय जैसे ट्रैकिंग, ग्राम जीवन दर्शन, कैंप फायर, ग्राम चौपाल पर चर्चा की जायेगी। छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी में रूपेश साहू नगर मंत्री, खिवराज सिंह बैस कोष प्रमुख जुटे हैं।

## निधन

### हाजी अशरफ रोकड़िया



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के पूर्व सदस्य, कांग्रेस के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष, पीसीसी सदस्य एवं वनोपज व्यवसायी हाजी अशरफ रोकड़िया (66 वर्ष) का शनिवार की दोपहर निधन हो गया। वे हाजी दिलावर रोकड़िया, असलम रोकड़िया, अफजल रोकड़िया के भाई तथा शोएब रोकड़िया, शाहिद रोकड़िया के वालिद थे।

**आम सूचना / ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (1) जगजीवन लाल केसरवानी पिता श्री श्यामशेष केसरवानी, निवासी वंदना प्लाजा गुड़ियारी रोड श्रीनगर रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. (2) गुड्डी गुप्ता पति श्री मुरारी प्रसाद गुप्ता निवासी-26 आकाश गैस गोडाउन रोड गुड़ियारी, श्रीनगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा चुन्नीलाल पिता दाउलाल वगैरह निवासी ग्राम सिलतरा, तहसील भखारा, जिला धमतरी छ.ग. के नाम पर भूमि स्वामी हक में ग्राम सिलतरा, प.ह.नं. 03 तहसील भखारा जिला धमतरी में कृषि भूमि ख.नं. 140/2 रकबा 0.20 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है जिसे रकम की आवश्यकता होने पर मेरे पक्षकार के पास उक्त भूमि का चुकता विक्रय का पक्का सौदा कर विक्रेता द्वारा दो गवाहों की उपस्थिति में पेटे/बयाना प्राप्त कर लिया है। मात्र पंजीयन (रजिस्ट्री) किया जाना शेष है।

उक्त भूमि के बिकी/रजिस्ट्री के संबंध में किसी भी व्यक्ति, फर्म, बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या दावा हो तो दिनांक 27.06.2024 तक मेरे पास अधिवक्ता कार्यालय भखारा या मेरे उपरोक्त पक्षकार (क्रेता) या राजस्व कोर्ट भखारा में दस्तावेज सहित स्वयं व अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकते हैं। तिथि बाधित बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। अतएव सूचना जाने।

दिनांक 20.06.2024

भवदीय
बलदाऊ साहू अधिवक्ता सिविल कोर्ट कुरूद,
जिला धमतरी छ.ग. मो.नं.-9907955414
मेरे पक्षकार
गुड्डी गुप्ता पति श्री मुरारी प्रसाद गुप्ता
निवासी-26 आकाश गैस गोडाउन रोड
गुड़ियारी, श्रीनगर रायपुर तहसील व जिला
रायपुर छ.ग. मो.नं.-9575464743

प्रतिबंध के बाद भी रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन हो रहा

# एसडीएम एवं तहसीलदार ने रेत से भरे हाइवा को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



शासन के नियमानुसार रेत खदानों से रेत निकालना और परिवहन पर प्रतिबंध 15 जून से लग गया है। यह प्रतिबंध अक्टूबर माह तक रहेगा। विडंबना है कि आए दिन नगरी में सुबह से शाम तक रेत से भरे हाईवे दौड़ते रहते हैं। अवैध परिवहन का खेल थम नहीं रहा है। ठेकेदार द्वारा रेत का डंप कर रखा जा रहा है। इस तरह के कारोबार से रेत माफिया फल फूल रहे हैं। अधिक से अधिक दाम पर रेत बेची जा रही है। खनिज अधिकारी कार्रवाई के लिए दिखाई नहीं देते। अवैध तरीके से पैसा कमाने के लिए रात भर परिवहन कर किया जाता हैं। बिना पिटपास के परिवहन हो रहा है।

शनिवार को एसडीएम, तहसीलदार ने रानी दुर्गावती चौक नगरी में रेत से भरे हाईवा को पकड़ा। तहसीलदार एवं एसडीएम द्वारा हाईवा चालक को लाइसेंस पूछने पर बताया कि लर्निंग लाइसेंस है। पूर्ण लाइसेंस नहीं है। ऐसे वाहन चालक द्वारा बेधड़क हाइवा चलाए जा रहे हैं। पिटपास में वाहन चालक का नाम यादराम लिखा है है मगर हाइवा को किशोर कुमार चलाया जा रहा था। आरआई साहू एवं पटवारी पंकज उपाध्याय द्वारा कागजी कार्रवाई कर गाड़ी को जब्ती बनाकर पुलिस थाना में रखा गया है।

# राजपुर में सोलर पंप बंद ग्रामीण पानी के लिए भटक रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



नगरी विकासखंड के अंतिम छोर के ग्राम राजपुर के पश्चिम पारा वार्ड क्रमांक 1 में सोलर पंप लगा हुआ है। इसके खराब होने के कारण मोहल्ले वालों को वार्ड क्रमांक 2 से पानी लाना पड़ रहा है। आसपास तालाब भी नहीं है जिसके चलते निस्तारी में काफी परेशानी हो रही है। सोलर पंप के खराब हो जाने की जानकारी ग्राम पंचायत तथा क्रेडा विभाग को दी जा चुकी है। इस ओर न ग्राम पंचायत और न ही विभाग द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। सोलर पंप बंद होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना कारण पड़ रहा है। महिलाएं डिकेश्वरी साहू, हेमलता मरकाम, दिलेशवरी नागेश, पार्वती निषाद, सरिता ढीमर, उमेश्वरी निषाद, जीतेश्वरी साहू, उमा मंडावी, नारायणी मंडावी, गौरीबाई ओटी, रेवती ढीमर, मंजु अग्रवाल एवं कालेश्वर नेताम, विष्णुराम ओटी ने बताया कि पानी के लिए बहुत तकलीफ हो रही है ।

# मन की शांति के लिए राजयोग मेडिटेशन जरूरी : बीके सरिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

- बेलरगांव के मानस रंगमंच में हुआ योगाभ्यास





प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेलरगांव एवं हायर सेकेंड्री स्कूल बेलरगांव के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन मानस रंगमंच बेलरगांव में किया गया। अतिथि धमतरी जिला से ब्रम्हाकुमारी संस्था की मुख्य संचालिका सरिता दीदी, बीके भावना ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र नगरी, बीके साधना ब्रम्हाकुमारी बेलरगांव बीके मूलेश्वरी बहन, श्रीमती दिनेश्वरी नेताम जनपद अध्यक्ष नगरी, हुमित लिमजा जनपद उपाध्यक्ष नगरी, उमेन्द्र मरकाम सरपंच बेलरगांव, अकबर कश्यप भाजपा मंडल अध्यक्ष बेलरगांव, रामकुमार देवांगन प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल बेलरगांव, पुखराज कश्यप उपसरपंच बेलरगांव, रामदयाल पालेसवार रिटायर्ड सीईओ, नीलांबर साहू अध्यक्ष ग्राम समिति बेलरगांव, कमला साहू पूर्व सचिव साहू समाज तहसील नगरी, आसकरण पटेल, भुवनदास मानिकपुरी, चुन्नूलाल साहू, लोकेश देवांगन, नीलमणि साहू योगाचार्य आर्ट आफ लिविंग, एनसीआर, श्रीमती निशा साहू टीचर सिहावा, सुरेंद्र नेताम एनएसएस थे। एनसी सोम ने हाथों की विभिन्न मुद्राओं के बारे में जानकारी दी। बीके निशा साहू ने ताड़ासन वृक्षासन एवं प्राणायाम की जानकारी दी। नीलमणि साहू ने विभिन्न आसनों के बारे में समझाया।

इस अवसर पर बीके सरिता ने कहा कि शरीर के लिए प्राणायाम योग जरूरी है। मन की शांति के लिए राजयोग मेडिटेशन बहुत जरूरी है जिससे हमारा हर कार्य अच्छा होगा। बीके भावना ने राजयोग ध्यान कराया। बीके साधना ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए रोज योगाभ्यास करने की आवश्यकता है जिससे हमारा शरीर लंबे समय तक निरोग रहेगा। हुमित लिमजा ने कहा कि खुद भी योग करें और परिवार, समाज को भी प्रेरित करें। दिनेश्वरी नेताम ने कहा कि बीमारी में बहुत पैसा चला जाता है लेकिन अगर हम योग करते हैं तो मुफ्त में हमारा शरीर निरोगी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन बीके निशा साहू एवं बीके पीतांबर ने किया।

# खिसोरा में दस बिस्तर अस्पताल सिंगपुर में पुलिस चौकी की मांग

- भाजपाइयों ने क्षेत्र की समस्याओं से सीएम को कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



भाजपा मंडल मगरलोड के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने टीआर कंवर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके रायपुर निवास कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान भाजपा नेताओं ने क्षेत्र में व्याप्त अनेक समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया और त्वरित कार्रवाई की मांग की ।

भाजपा नेताओं ने मगरलोड तहसील में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय की स्थापना, मेघा मोहंदी सिंगपुर दुगली के स्वीकृत मार्ग को तत्काल क्लियर कराकर कार्य प्रारंभ करने, प्रधानमंत्री सड़क योजना से निर्मित मगरलोड पठार सरईरूख होते हुए सिंगपुर जर्जर मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, सिंगपुर में पुलिस चौकी खुलवाने, ग्राम खिसोरा में हाईस्कूल एवं हायर सेकेडरी स्कूल खोलने, खिसोरा में दस बिस्तर अस्पताल, ग्राम केकराखोली प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़क में पुलिया निर्माण, ग्राम पठार में पुलिया निर्माण की मांग की। भाजपाइयों ने आगे बताया कि नगर पंचायत मंगरलोड में बड़े- बड़े झाड़ के नाम पर कई हितग्राहियों का प्रधानमंत्री आवास रोका गया है, जबकि ये हितग्राही नगर पंचायत में वर्षों से निवासरत हैं और टैक्स पटा रहे हैं। उनको विद्युत एवं नल कनेक्शन दिया गया है। इसी में से कुछ हितग्राहियों का मकान बनकर तैयार हो चुका है। अतः सभी हितग्राहियों के मकान बनाने के लिए उचित कार्रवाई की जाए।

मौके पर जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, भाजपा मंडल मंगरलोड अध्यक्ष विजय यादव, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीखम सेन, सांसद प्रतिनिधि भवानी यादव, परसवानी सरपंच झनेंन्द्र साहू, लेखराम साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सोसाइटी कर्मियों ने किया रायपुर में प्रदर्शन



- राज्य कर्मचारियों की भांति वेतनमान देने समेत अनेक मांगों को लेकर आवाज बुलंद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी

छत्तीसगढ़ सरकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर ने तुता रायपुर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि समिति के कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों की भांति वेतनमान, महंगाई भत्ता देने हेतु 5-5 लाख प्रबंधकीय, धान खरीदी पर सूखत देते हुए धान खरीदी नीति में परिवर्तन, प्रासंगिक सुरक्षा व कमिशन की राशि में बढ़ोतरी, समिति के कर्मचारियों को बैंक के खाली पदों पर लेने को लेकर धरना दिया गया। मांगों को लेकर सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। आगे कहा कि यदि मांग पूरी नहीं होती है तो प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर समीक्षा की जाएगी और आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

## अंचल की खबरें

### योग सभी के लिए एक अच्छे मित्र की तरह : चंदन



**भखारा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पंचायत भखारा में आयोजित योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों छात्र-छात्राओं एवं नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत भखारा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंदन मानकर ने कहा कि योग सभी के लिए एक अच्छे मित्र की तरह है, जो शरीर, दिमाग और भावनाओं के लिए एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है। यह शारीरिक शक्ति, सहनशक्ति और ऊर्जा का निर्माण करने में मदद करता है, साथ ही बढ़ती एकाग्रता, शांति और संतुष्टि जैसा मानसिक लाभ भी दिलाता है। योग से अंदर और बाहर संतुलन बना रहता है। योग रोजमर्रा की जिंदगी के तनाव से निपटने का एक साधन है।

### कंडेल कॉलेज में मनाया गया योग दिवस



**पुरी।** शासकीय महाविद्यालय कंडेल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रशिक्षक रोबिंद्र प्रजापति एवं बसंत कुमार साहू ने रासेयो स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ को प्राणायाम, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका का आसन सिखाया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख रविश दास ने कहा कि इन आसनों के माध्यम से हमें न सिर्फ शारीरिक समस्याओं से निजात मिलेगी अपितु आत्मिक शांति भी मिलेगी। योग के माध्यम से विद्यार्थियों में शारीरिक सुदृढ़ता एवं अनुशासन जैसे प्रमुख गुण विकसित होते हैं। मुख्य प्रशिक्षक रोबिंद्र प्रजापति ने कहा कि योग से आज हम अपना करियर भी बना सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता भी ला सकते हैं। सहयोग प्रशिक्षक बसंत कुमार साहू ने कहा कि योग हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। मौके पर सहायक प्राध्यापक एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर सिन्हा, सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, कमलेश दीवान, नूतन दीवान समेत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक मौजूद थे।

### शाला प्रांगण में 40 लोगों ने किया योग



**नगरी।** विश्व अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला बिंद्रा नवागांव शाला प्रांगण में योग का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शिक्षक, शाला प्रबंधन समिति, सरपंच, बच्चे, रसोईया, सहायक रसोईया, सफाई कर्मचारी समेत 40 लोगों ने योग किया। मौके पर सरपंच शैल कुमारी कुंवर सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शाला, पेमीन अध्यक्ष माध्यमिक शाला, हनुमति बाई, उत्तरा बाई, धनेश्वरी, रेवती, कांति, ममता खालसा प्रधानपाठिका प्राथमिक शाला, गौरी गुप्ता प्रधानपाठिका माध्यमिक शाला, विद्या सोनी, प्रतिभा, हेमलता साहू, गायत्री साहू, पीयूष, टेकराम, अंजलि, आयुष, तोकेश्वर उपस्थित थे।

### भोथीपार में योग के महत्व पर प्रकाश डाला



**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में संयुक्त रूप से दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया एवं दैनिक जीवन में योग को शामिल करने अपील की गई। कार्यक्रम में शिक्षक टीकाराम सिन्हा, सतीश कुमार साहू, हिरेंद्र कुमार सोनबर, सुरेंद्र कुमार साहू, भेमलाल साहू, एकनाथ साहू, गोपेश्वर साहू, गोविंदराम साहू, श्रीमती खोमिन साहू, श्रीमती पूर्णिमा सिन्हा, श्रीमती रामेश्वरी साहू, श्रीमती शारदा साहू, भूषणलाल पटेल,पोषण साहू, श्रीमती कोमिन यादव, श्रीमती राम्हीन साहू, भैयालाल साहू और बिहान समूह की बहनें उपस्थित थीं।

Pride of Dhamtari







विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201


मुख्यमंत्री निवास पर 26 को होगा कार्यक्रम

# सिर्री के मीसाबंदी के परिजनों को सीएम विष्णुदेव साय करेंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

आपातकाल के 49 वें स्मृति दिवस पर भारतीय लोकतंत्र सेनानी परिवार (मीसा बंदियों) को 26 जून को मुख्यमंत्री निवास पर सम्मानित किया जायेगा।

इसी कर्यक्रम के लिए कुरुद विधानसभा में ग्राम सिर्री के जनसंघ पार्टी के पुरोधा स्व. सरदार जसवंत सिंह गुरुदत्ता के परिजनों सहित उनके बड़े समधी अम्बिकापुर (सरगुजा) निवासी सरदार जशवंत सिंह सलूजा एवं गुरुदत्ता परिवार के दामाद तथा महासमुंद भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा के पिता जगदीश लाल उबोवेजा आमंत्रित को किया गया है।



स्व. जसवंत सिंह गुरुदत्ता

ज्ञात हो कि इन्होंने अपनी पत्नी, बच्चों एवं व्यापार की परवाह किए बगैर भारतीय जनसंघ पार्टी के लिए अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दी। उन्हें केंद्र की कांग्रेस सरकार द्वारा जबलपुर सेन्ट्रल जेल, रायपुर सेन्ट्रल जेल व बिलासपुर सेन्ट्रल जेल में ठूंस दिया गया था। सजाएं दी गईं। उस वक्त उनके नजदीकी रिश्तेदार इतने डरे सहमे रहते थे कि परिजनों से मिलना तो दूर बात करने से भी कतराते थे। उस वक्त सरकारी तंत्र इतना अधिक हावी था कि नेताओं को कभी भी किसी वक्त बिना कुछ कहे बिना वारंट के सीधे जेल में कर बंद कर दिया करते थे। परिजन रोते-बिलखते रहते थे। विभिन्न जेलों में बंद नेताओं से उनके परिजन आसानी से मिल नहीं पाते थे इसलिए आज भी उक्त नेताओं के परिजन जून माह से 18 से 20 महीना काला दिवस मनाते हैं। सरकार बदलते ही उन सभी मीसाबंदियों को भारतीय लोकतंत्र सेनानी के नाम से नवाजा गया एवं उनके सम्मान के लिए पूर्व राज्य मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने के अथक प्रयास से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा सम्मानित किया गया था। छत्तीसगढ़ में पुनः भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास स्थान पर लोकतंत्र सेनानीयों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

## अंचल की खबरें

### सोरिद नाला में चला सफाई आभियान



**धमतरी।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोरिद नाला में विगत चार-पांच दिनों से लगातार सफाई आभियान चलाया जा रहा है।

### सिन्हा समाज के मिथिलेश ग्राम प्रमुख व सत्येंद्र क्षेत्र अधिकारी बने



**धमतरी।** सिन्हा समाज सोरिद वार्ड द्वारा गत दिनों क्षेत्राधिकार एवं ग्राम प्रमुख का चुनाव किया गया। चुनाव प्रभारी चंद्रहास सिन्हा, मंडलेश्वर संतोष सिन्हा, सचिव देवकरण गजेंद्र, कोषाध्यक्ष हेमशंकर सिन्हा की उपस्थिति में सर्वसम्मति से मिथिलेश सिन्हा को ग्राम प्रमुख व सत्येंद्र सिंहा को क्षेत्राधिकार चुना गया। इस अवसर पर सोरिद एवं जोधापुर वार्ड के सिन्हा समाज के लोग उपस्थित थे।

### शहर कांग्रेस ने राहुल गांधी का जन्म दिवस वृद्धजनों के साथ मनाया



**धमतरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी का जन्मदिवस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर 01 ने जलाराम ज्ञान यज्ञ समिति वृद्धाश्रम रुद्री में वृद्धजनों के साथ केक काटकर मनाया। वृद्धजनों द्वारा राहुल गांधी के मंगलमय जीवन के लिए प्रार्थना गीत गाया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रभा चेटियार, महिला कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उदित नारायण साहू, ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री आशुतोष खरे, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष सबीना खान, ब्लॉक कांग्रेस शहर कोषाध्यक्ष सूरज पासवान, कुणाल यादव, गणेश्वरी कामड़े, रुद्रा साहू, वसीम खिलची, राजेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वाहन भत्ता में वृद्धि, पदोन्नति में आरक्षण चाहिए



■ दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी संघ ने मंत्री को सौंपा मांग पत्र

धमतरी। छग दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित, उपाध्यक्ष आशीष शर्मा और कोषाध्यक्ष महेश साहू ने छग की महिला एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े से मुलाकात कर दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी के वाहन भत्ता में वृद्धि, पदोन्नति में आरक्षण के साथ विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। यह जानकारी जिला अध्यक्ष घनश्याम सिंह साहू ने दी है।

### अमृत सरोवरों के समीप ग्रामीणों ने किया योगाभ्यास



■ योग अब वैश्विक संस्कृति का हिस्सा बन चुका है : रोमा

**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले में निर्मित अमृत सरोवरों के समीप ग्रामीणों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि योग एक प्राचीन परंपरा है जो अब वैश्विक संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। योग के माध्यम से ग्रामीणजन एवं मनरेगा श्रमिकों को जोड़कर सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दे रहे हैं। योग एक स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली को प्रोत्साहित करता है। ध्यान व योग मानसिक शांति देता है जिससे सकारात्मक विचार आते हैं।

### छात्रों ने योग को जीवन में अपनाने की ली शपथ



**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर केएल उद्यानकी महाविद्यालय में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में योग से संबंधित प्रारंभिक ज्ञान देते हुए आसनों के महत्व को बताया गया। छात्रों एवं छात्राओं द्वारा योग से संबंधित परिचर्चा की गई एवं योग को जीवन में अपनाने की शपथ ली गई। कार्यक्रम में प्राचार्य आरके पांडे, सहायक प्राध्यापक केसरी साहू, प्रियदर्शी तिवारी,पुष्पेंद्र कुमार साहू, टिशुरानी साहू, कार्यालय सहायक सालिक टंडन, लोकनाथ साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्राचार्य आरके पांडे ने किया।

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा होंगे लाभान्वित

# जिले की 30 ग्राम पंचायतों में खुलेंगे ज्ञानोदय वाचनालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



लोकतांत्रिक संस्थाओं को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने, ग्रामीण युवाओं में ज्ञान एवं कौशल क्षमता विकसित करने आधुनिक संचार सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और वैश्विक परिवर्तन, विभिन्न घटनाक्रम की जानकारी ग्रामीण युवाओं तक पहुंचाने, उनके आत्मविश्वास में वृद्धि तथा विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए तत्पर रहने पुस्तकें बहुत उपयोगी है।

शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में पुस्तकालय (लाइब्रेरी) की स्थापना होनी है। इससे ग्रामीणों को फायदा होगा, साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा लाभान्वित होंगे। इसी कड़ी में जिले की 30 ग्राम पंचायतों में ज्ञानोदय वाचनालय की स्थापना की जाएगी। इनमें धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत पोटियाडीह के शास.प्रा. शाला, शास.मा.शा. रूद्री, शा.उन्नत प्रा.शा. भटगांव, स्व.भूपालमणी यादव शा.उ.मा.शा. छाती, शा.प्रा.शा. बाजारपारा लोहरसी, शा.उ.मा.शा. देमार, स्वामी आत्मानंद शा. अंग्रेजी माध्यम शाला कण्डेल, शा.उ.मा.शा. मुजगहन, शा.उ.मा.शा. सोरम, शा.उ.मा.शा. रांवा, रतनलाल साहू शा.उ.मा.शा. कुर्रा, कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत शा.उ.मा.वि. मड़ेली, शा.उ.मा.वि. नारी, शा.उ.मा.वि.सेमरा बी, शा.मा.शा. चर्रा, शा.उ.मा.वि. परखंदा, विज्ञान प्राद्योगिकी भवन सिर्री, शा.उ.मा.वि. कोसमर्रा, मगरलोड विकासखंड की ग्राम पंचायत शा.उ.मा.वि. करेलीबड़ी, शा.उ.मा.वि. भेण्डरी, शा.उ.मा.वि. अतिरिक्त कक्ष हसदा, शा.उ.मा.वि. मेघा, शा.मा.शा. भवन खिसोरा, नगरी विकासखंड की ग्राम पंचायत उ.मा.वि. सांकरा, उ.मा.वि. बेलरगांव, शास. हाईस्कूल उमरगांव, उ.मा.वि. सिहावा, उ.मा.वि. फरसिया, मा.शा. सेमरा शामिल है। सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के 2000 से अधिक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों में ज्ञानोदय वाचनालय की स्थापना की जाएगी। राज्य शासन के आदेशानुसार जिले की कुल 30 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है। ग्राम पंचायतों में ज्ञानोदय वाचनालय स्थापना किये जाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल (जहां वाचनालय में फ्री वाई-फाई, पुस्तकें तथा डिजिटल ई-लाईब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके तथा स्थानीय व्यवस्था के अनुरूप कम्प्यूटर, टेलीविजन, प्रोजेक्टर की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## पूर्व विधायक चोपड़ा को बताई समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कोष्टापारा वार्ड सुभाष चौक के वार्डवासियों ने पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा से उनके निवास में मुलाकात की। वार्डवासियों ने श्री चोपड़ा को बताया कि सुभाष चौक में जल आपूर्ति ठीक से नहीं हो रही है। पानी टंकी की साफ-सफाई भी नहीं की जा रही है।

## बारिश से पहले मिट्टी कार्य का मूल्यांकन एवं सत्यापन करें

**धमतरी।** जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने शासन के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु के पूर्व महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत क्रियान्वित समस्त मिट्टी कार्यों का मूल्यांकन एवं सत्यापन करने सभी जनपद पंचायत को निर्देशित किया है, ताकि कराये गये कार्यों की मात्रा का निर्धारित टास्क के परिप्रेक्ष्य में सही आकलन संभव हो सके।

योजनांतर्गत अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित समयावधि में श्रमिकों को मजदूरी राशि का भुगतान हो सके। इसी कड़ी में उन्होंने प्रत्येक निर्माण कार्य में सृजित मानव दिवस के विरूद्ध कार्य की भौतिक प्रगति भी आनुपातिक रूप से समतुल्यता लाने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिये। यह भी सुनिश्चित करें कि बरसात के पूर्व तकनीकी अमलों से मनरेगा योजनांतर्गत समस्त मिट्टी कार्यों का मूल्यांकन करा लिया जाये।

## स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक से दिया पानी बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशन में जिले में जल जगार कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण जल संवर्धन में महिलाओं के योगदान को केनद्रित करते हुए सामूहिक एवं सामुदायिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत में ज़िला प्रशासन द्वारा अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत मेघा में जल बचाओ, जीवन बचाओ, जल है तो कल है, जल ही जीवन है की थीम पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी आकाश गिरी गोस्वामी द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक जल है तो कल है को राष्ट्रीय सेवा योजना रेडक्रॉस एवं स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया। जल की बर्बादी एवं दुरुपयोग को कैसे रोके, वर्षा के जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु वाटर हार्वेस्टिंग अपनाना तथा वर्षा के समय गांव के जल को गांव में संरक्षित करना, घर के जल को घर में संरक्षित करना तथा सदुपयोग करना, तालाब, नहर, पोखर, कुआं की समुचित रखरखाव तथा जल स्त्रोत को सुरक्षित रखें। पेड़ पौधा लगाकर समुचित देखभाल कर हरियाली लाकर जल के स्तर को बनाया जा सकता है।

स्वयंसेवक कलाकारों ने जल के महत्व को नाटक में विभिन्न संवाद, अभिनय, देहभाषा, गीत, नारे, नृत्य भंगिमाओं से लोगों को लुभाते हुएलोगों को जागरूक किया।

इस नाटक में नामेश्वर, भोजराज, प्रेमशंकर चौबे, भूपेन्द्र, चंद्रकला, टिकेश्वर, हिना, युवराज, आर्यन आदि स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्त नाटक की डिप्टी कलेक्टर प्रीति दुर्गाम सहित जिला तथा जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों ने प्रशंसा की।

## सीएम का समर्थन मांगने निकले एनएसयूआई कार्यकर्ता गिरफ्तार



■ नीट की परीक्षा फिर से आयोजित करने एनएसयूआई चला रही हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



देश में नीट और यूजीसी- नेट का मामला तूल पकड़ा हुआ है। वहीं विपक्षी पार्टी इसे भुनाने का कोई भी मौका छोड़ने को तैयार नहीं है।

कांग्रेस पार्टी की छात्र इकाई एनएसयूआई ने मोर्चा खोलते हुए पेपर लीक के खिलाफ कार्रवाई और एनटीए को बैन करने व नीट की पुनः परीक्षा मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों का समर्थन मांगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह में शामिल होने धमतरी पहुंचे थे। उनसे समर्थन लेने एनएसयूआई के कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल की ओर बढ़ रहे थे तभी पुलिस प्रशासन ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि छात्रों का भविष्य अधर में है। सरकार पारदर्शी और स्वच्छ परीक्षा आयोजित करने के प्रति उदासीन है। आज एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) अपनी विश्वसनीयता और पारदर्शिता खो चुकी है। नीट परीक्षा को रद्द कर पुनः परीक्षा आयोजित करने की मांग देश भर के छात्र कर रहे हैं। एनएसयूआई ने नीट की पुनः परीक्षा और पेपर लीक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों से समर्थन मांगा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के साथ जय श्रीवास्तव, ओमप्रकाश मानिकपुरी, नोमेश सिन्हा, अरविंद यादव, गौरव मानिकपुरी, तेजप्रकाश साहू, सुदीप सिन्हा, विवेक बंजारे, फैजल खान, बसंत सिन्हा, शैलेश मंडावी, कृष्णा लहरे, लक्की ध्रुव, धर्मेन्द्र पटेल, रविन्द्र जांगड़े, पूरन समेत कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

## लगातार विद्युत अवरोध एवं फोन नहीं उठाने की शिकायत

■ 11 केव्ही इंडस्ट्रीयल फीडर में फॉल्ट, 3 से 4 जगह जम्पर कटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

शहर में विद्युत आपूर्ति 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र कुरुद से 11 के.व्ही. कुरुद शहर, 11 के.व्ही. इंडस्ट्रीयल फीडर एवं 11 के.व्ही. भरदा फीडर से होती है जो कि एकमात्र पॉवर ट्रांसफॉर्मर से निकलती है। 20 जून की रात्रि 10:30 बजे 11 के.व्ही. इंडस्ट्रीयल फीडर फॉल्ट हो गया। कंट्रोल रुम में स्थित बैटरी चार्जर के अचानक डाउन होने के कारण फीडर में फॉल्ट की ट्रिपिंग नहीं आई तथा बस-बार में 3 से 4 जगह जम्पर कट गया। इसे सुधारने में समय लगा। पूरे कुरुद शहर में विद्युत बाधित रही। जम्पर सही करने के बाद जब 4॥4 के.व्ही. फीडरों को सामान्य किया गया, तो 11 के.व्ही. भरदा फीडर सामान्य हो गया। 11 के.व्ही. इंडस्ट्रीयल फीडर भी सामान्य हो गया लेकिन रेस्ट हाउस के पास एक जम्पर कट गया था। इसे सुधारने में और वक्त लगा। 11 के.व्ही. टाउन फीडर को जब सामान्य किया गया, तब सबस्टेशन के बाहर ही स्थित ट्रांसफॉर्मर का डीओ बर्स्ट हो गया। इसे भी सुधारने में समय लगा। पूरे कुरुद शहर की विद्युत आपूर्ति लगभग 3 घण्टे तक प्रभावित हुई। अगले दिन 21 जून को सबस्टेशन के बस-बार में जो जम्पर कमजोर थे उसे दुरुस्त करने के लिए सुबह 9:30 बजे से 11 बजे तक आपूर्ति बंद की गई। एफ.ओ.सी. के लिए दिया गया फोन एफ.ओ.सी. कर्मचारी के पास ही रहता है। काम करने के दौरान फोन उठाना संभव नहीं हो पाता है, बाकी समय फोन कर्मचारियों द्वारा उठाया जाता है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि सभी परिस्थिति में उपभोक्ताओं के कॉल का जवाब दिया करें। 20 जून को कुरुद शहर में लगातार विद्युत अवरोध एवं कर्मचारियों द्वारा फोन नहीं उठाये जाने की शिकायत के संदर्भ में उपरोक्त जानकारी कार्यपालन अभियंता कुरुद द्वारा दी गई है। 21 जून तक प्राप्त सभी फ्यूज ऑफ कॉल शिकायतों का निराकरण कर लिया गया है।

## सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में सेंट जेवियर्स स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



■ अंडर 15 में दूसरा एवं अंडर 17 में तीसरा स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

विकासखंड एवं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर 15 एवं अंडर17 का आयोजन एकलव्य मैदान धमतरी में किया गया जिसमें सभी स्कूलों के साथ-साथ सेंट जेवियर्स की अंडर 15 एवं 17 की फुटबॉल टीम ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर 15 के फुटबॉल खिलाड़ियों में रुद्र खंडेलवाल, मयंक शामनानी, लक्ष्य कौशल, झम्मन भौरया, चंद्रकांत साहू, लवनडार भव्य वर्मा, प्रांजल नगरची, आयुष पोया एवं सागर साहू ने भाग लिया। स्कूल की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सर्वोदय स्कूल को 1-0 से तथा सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल को 1-0 से हराकर अंडर 15 के मैच में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस टूर्नामेंट में रुद्रप्रताप खंडेलवाल का प्रदर्शन अति सराहनीय रहा।

अंडर 17 टूर्नामेंट में स्कूल की टीम की ओर से दावेंद्र कुमार भूआर्य, कार्तिक मंधान, भौमिक साहू, प्रथम शर्मा, प्रांजल ननकानी, श्रेया वाधवानी, मोक्ष बुधवानी, आदित्य पिंजानी, रोम देवांगन, अर्णव खंडेलवाल एवं नैतिक ज्ञानचंदानी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्याकुंज स्कूल को 2-0 से हराया तथा अंडर 17 टूर्नामेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल फुटबॉल खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर संस्था की प्राचार्या सुश्री मृणालिनी सिंह ने हर्ष जताया है।

## ओव्हरटैंक से पानी सप्लाई शुरु कराने सीएम से मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ गोकुलपुर वार्ड के पूर्व पार्षद ने दिया आवेदन

गोकुलपुर वार्ड के पूर्व पार्षद महेशराम साहू ने टंकी से पानी सप्लाई शुरु कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है। शुक्रवार को मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पूर्व पार्षद ने आवेदन सौंपा है। महेश राम ने कहा है कि गोकुलपुर वार्ड में ओव्हरहेड टैंक विगत एक वर्ष से बनकर तैयार है। यह पानी टैंक सिर्फ शोभा बढ़ा रहा है। टैंक से पानी सप्लाई कार्य शुरु नहीं होने से वार्डों में जल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पानी की किल्लत के कारण वार्डवासियों को भटकना पड़ रहा है। लोगों को दूसरे के घरों से पानी मांगना पड़ रहा है। पूर्व पार्षद ने शीघ्र ओव्हरहेड टैंक से पानी सप्लाई शुरु कराने की मांग सीएम से की है।

राजिम में आदिवासी नगारची समाज की प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय महासभा हुई

# यह समाज भले ही छोटा है पर इनका संगठन बहुत ही मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




धर्म नगरी राजिम में आदिवासी नगारची समाज दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छतीसगढ़ अरविन्द नेताम थे। अध्यक्षता देवनाथ नेताम प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी नगारची समाज छतीसगढ़ ने की। विशेष अतिथि अकबरराम कोर्राम अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा छतीसगढ़, विनोद नागवंशी सचिव सर्व आदिवासी समाज छतीसगढ़, जीवराखन लाल मरई जिला अध्यक्ष धमतरी, लोकेश्वरी नेताम जिला अध्यक्ष गरियाबंद ,रूपेंद्र नगारची पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी नगारची समाज छतीसगढ़, राजाराव पठार से महासचिव कृष्ण कुमार ठाकुर्र, कोषाध्यक्ष उमेंदी लाल गंगराले, महिला अध्यक्ष संतोषी ठाकुर, जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज धमतरी महेश रावते, कंदर्प ठाकुर , फुलेश्वर छेदैया, उदय नेताम, कमल नारायण ध्रुव, रामेश्वर मरकाम थे।

कार्यक्रम का आरंभ आदिवासी समाज की परंपरा के अनुसार बूढ़ादेव की पूजा-अर्चना से हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि यह समाज भले ही छोटा व सीमित है पर इनका संगठन बहुत ही मजबूत है। रोटी बेटी के संबंध में विचार कर प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किया गया। समाज में समाज के प्रति उत्कृष्ट कार्य सेवा प्रदान करने पर स्व. रामप्यारे ग्वाल, लेखन नगारची, बी आर नगारची, चंद्रहास नागे को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बसंत नगारची, शिवकुमार मरकाम, दिनेश नगारची, डीपी मरकाम, राधेश्याम नगारची, प्रेमलाल जोडिया, हेमंत नगारची, मनोज नगारची, राजेश नगारची, दनेंद्र नगारची, राजकुमार नगारची, ललित नगारची, चरण नगारची, विनोद नगारची, सरिता महेंद्र नगारची, शशिकला नगारची समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## निधन

### सुशील मिश्रा



**धमतरी।** स्थानीय शिव चौक निवासी सुशील मिश्रा पिता स्व. दशरथ लाल मिश्रा उम्र 57 वर्ष का निधन 22 जून शनिवार को सुबह हो गया। अंतिम यात्रा रविवार 23 जून को सुबह 10 बजे निवास स्थान पोस्टआफिस वार्ड गली नम्बर 3 पूजा किराना स्टोर्स से निकाली जाएगी। वे शुभांक मिश्रा, प्रांजलि मिश्रा, प्रियांशी मिश्रा के पिता तथा अशोक मिश्रा, अरुण मिश्रा, अनिल मिश्रा के छोटे भाई थे।

### खेदियाबाई साहू



**सिर्री।** ग्राम सिर्री निवासी खेदियाबाई साहू 72 वर्ष का 22 जून शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे अश्वनी साहू, भारत साहू, दुर्गा साहू की मां तथा रूपल और विक्रम साहू की दादी थीं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने समाजजन सहित अन्य प्रबुद्धजनों, ग्रामीणों की भीड़ रही।

## अंचल की खबरें

### सशिमं मड़ाईभाठा के छात्रों ने किया योग



**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर मड़ाईभाठा में योग दिवस का आयोजन किया गया। आचार्य गिरीश पवार, जितेन्द्र साहू, भगवती पवार, अमन राव, अंगेश सेन, रेणुका साहू, तोरण लाल, दुलेश्वरी साहू, नेहा गायकवाड़, नेमीन साहू, तनिषा प्रजापति, पल्लवी ध्रुव, हेमेश, कौशल ने योग किया।

### सार्थक स्कूल के बच्चों ने किया योगाभ्यास



**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम हरदिहा साहू समाज भवन में किया गया था जिसमें धमतरी की शासकीय एवं निजी संस्थाएं सम्मिलित हुईं। सार्थक के विशेष बच्चे और प्रशिक्षक भी आयोजन में शामिल हुए और ट्रेनर की बताई गईं योग क्रियाएं की। सार्थक की बच्चियां हर्षिता गजेन्द्र और मनीषा साहू ने मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा को समाज कल्याण विभाग की ओर से योग दिवस की पेंटिंग भेंट की। सार्थक सचिव स्नेहा राठौड़ ने बताया कि योग प्रशिक्षका देविका दीवान और डांस प्रशिक्षक स्वीटी सोनी नियमित योगाभ्यास से सार्थक के बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने प्रेरित कर रही हैं।

### सीएम के हाथों हुए सम्मानित विद्याकुंज स्कूल लोहरसी के छात्र



**धमतरी।** मिशन अव्वल धमतरी मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह शुक्रवार को मेनोनाईट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया जिसमें जिले के समस्त विद्यालय के 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। धमतरी जिले में सबसे अधिक विद्याकुंज स्कूल लोहरसी से कक्षा दसवीं में 23 विद्यार्थी और कक्षा 12वीं से 11 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कक्षा 12वीं में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले प्रियांशु देवांगन 94.5 प्रतिशत का सम्मान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र के साथ एक जीवन उपयोगी पुस्तक प्रदान की गई। कक्षा दसवीं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम होने के परिणामस्वरूप एक प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया।

### योग मानसिक तनाव से दिलाता है निजात



**धमतरी।** आमदी मंडल अंतर्गत प्राथमिक शाला कुर्रा के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग प्रशिक्षक निखिल अग्रवाल ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। भाजपा आमदी मंडल के अध्यक्ष मुरारी यदु ने बताया कि योग मानसिक तनाव से निजात दिलाता है। कमजोर पाचन तंत्र मजबूत होता है। योग से शरीर एवं मन से संबंधित बीमारियां नहीं होंगी। भाजपा मंडल आमदी महामंत्री अमन राव ने कहा कि योग का अभ्यास करवाकर मन को शांत रख सकते हैं। लोगों ने पर्वतासन, काग्यासन, शशांक आसन, तितली आसन, उष्ट्रासन, शव आसन, पवन मुक्तासन सहित 15 विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास किया। मौके पर कोमल यादव, जागेश्वर साहू, परमेश्वर साहू, प्रभुराम साहू, गोपाल साहू, खम्हन साहू सरपंच, बीआर साहू प्राचार्य, किरण साहू, राशि दीवान, त्रिवेणी साहू, नीतू साहू, चैतूराम, अमरसिंह, चिंताराम, भागवत साहू, हिम्मत साहू, नरेन्द्र साहू उपस्थित थे।

### मोदी ने दी अन्नदाताओं को सौगात : रंजना



**धमतरी।** पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता में किसान हैं। केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए खरीफ मौसम की 14 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी राजग की तीसरी सरकार ने एक दिन पूर्व पीएम किसान सम्मान निधि के तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राशि जारी की थी। आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में खरीफ सीजन 2024-25 के लिए 14 खरीफ फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी का निर्णय लेकर अन्नदाताओं को बड़ा उपहार दिया है।

---

#### कबीर जयंती पर मानिकपुरी पनिका समाज ने निकाली शोभायात्रा

# कबीर के दोहों में छिपा है सुखी जीवन का राज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शनिवार को मानिकपुरी पनिका समाज ने कबीर जयंती मनाई। शहर में शोभायात्रा निकालकर कबीर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम की कड़ी में सुबह 10 बजे भजन-कीर्तन, कलशयात्रा निकाली गई। 11.30 बजे प्रसादी एवं 2 बजे शोभायात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। अध्यक्षता अरूण दास मानिकपुरी ने की। विशिष्ट अतिथि मानिकदास महंत थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कबीर के दोहे में सुखी जीवन का राज छिपा है। जीवन का मर्म, हर दर्द का इलाज है। कबीरदास ने समाज में फैले अंधविश्वास, रूढ़िवादी परंपरा का विरोध करते हुए इंसानियत को सबसे उपर रखा। कबीर जी ने दोहों और विचारों के जरिए जनमानस को प्रभावित किया। उनके दोहे जीवन का सच बयां करते हैं। कबीर जी प्रसिद्ध कवि, संत समाज सुधारक थे। उनकी कविताएं व रचनाएं परमात्मा की सुसंगतता और विशालता को दर्शाती है। देश विदेश में उनके करोड़ों अनुयायी हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवन के महत्व को समझते हैं। उन्होंने सभी धर्म का सम्मान किया। भक्ति आंदोलन उनके कार्यों से प्रभावित था। उनके अनुयायियों को कबीर पंथ कहा जाता है, जो पूरे देश में हैं।

इस अवसर पर तिलकदास, भगवानदास, गणपतिदास, वामनदास, महेशदास, रमेशदास, जीवनदास, कुमुददास, सुकृतदास, भेदुदास, वरूणदास, अशोकदास, संतोषदास, जतिनदास, आकाशदास, गौरवदास, अजयदास, शंकरदास, प्रदीप, लक्की, विकासदास, दिनेशदास, हर्षदास, संतदास, विनयदास, निर्मलदास मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



# सर्व आदिवासी समाज की नई कार्यकारिणी का गठन 29 को

- विश्व आदिवासी दिवस को धमतरी शहर में मनाने का लिया निर्णय
- गोंडवाना भवन में हुई समाजजनों की बैठक, संवैधानिक मांगों को लेकर की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गोंडवाना भवन धमतरी में सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी की बैठक हुई। बैठक में सर्व आदिवासी समाज की नई कार्यकारिणी के गठन और अगामी गतिविधियों को लेकर समाज प्रमुखों ने अपने विचार रखें। विश्राम सिंह, पोखन कंवर, रूपेन्द्र सिंह नगारची, देवनाथ नगारची, गोविंद राम बढ़ई, महेश रावटे,जयपाल सिंह ठाकुर,शशि ध्रुव, ईश्वरी नेताम, अनीता ठाकुर ने अपना सुझाव दिया। सभी की सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन 29 जून शनिवार को गोंडवाना भवन में करने तथा 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस को इस बार धमतरी शहर में मनाने का निर्णय लिया गया। सर्व आदिवासी समाज के महासचिव उदय नेताम ने बताया कि यह गठन रूढ़िजिन्य पंरपरा के तहत किया जाना है जिसमें सामान्य प्रभाग, महिला प्रभाग तथा युवा प्रभाग का मनोनयन होगा।

सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि अपनी संवैधानिक मांगों को लेकर सर्व आदिवासी समाज लगातार आंदोलन करता रहा है और आगे भी करेगा। धमतरी जिले में आदिवासी किसानों को गुमराह करके गैर आदिवासी उनके साथ एग्रीमेंट करते हैं लेकिन रजिस्ट्री नहीं कर रहे हैं। इससे आदिवासी किसान न खेती कर पा रहे और न ही अपनी जमीन बेच पा रहे हैं। कूटनीतिक तरीके से आदिवासियों की जमीन हड़पने और फर्जी जाति प्रमाण पत्र के माध्यम से क्रय- विक्रय करने वाले ऐसे मामलों की जांच कर शासन से कार्यवाही की मांग करेंगे।

बैठक में कमलनारायण ध्रुव, रामनारायण चुरेन्द्र, कृष्णा नेताम, अश्वनी ठाकुर, ओमप्रकाश नगारची, ज्ञानिक नगारची, बसंत नगारची, अनुसुईया ध्रुव, पुष्पा देवी मंडावी, शशि ध्रुव, चन्द्रकिरण नेताम, चमेली नेताम, खिलेन्द्र पडौटी, हरिशंकर मरकाम, केवल नेताम, प्रवीण नेताम, नंदकिशोर नेताम उपस्थित थे।

# पुरानी कृषि मंडी में हुआ योग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर क्रीड़ा भारती जिला धमतरी इकाई द्वारा पुरानी कृषि मंडी में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि कौशलेंद्र पटेल संगठन मंत्री क्रीड़ा भारती छग, ओंकार साहू विधायक, श्रीमती हर्षा साहू जिला प्रभारी क्रीड़ा भारती, सौरभ अग्रवाल कोष प्रमुख क्रीड़ा भारती छग, डॉ दिनेश नाग थे। भारत माता की पूजा अर्चना पश्चात योग शुरू हुआ। आरोग्य भारती संस्था ने योगाभ्यास करवाया। योग जुंबा का आयोजन श्रीमती काजल मुंजवानी, उमा पटेल, उत्तरा, संतोषी द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप, मां भारती फिजिकल ट्रेनिंग रुद्री, जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर, फ्रीडम अकाडमी रूद्री, नगर निगम ऑल स्पोर्ट्स एकेडमी धमतरी, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल धमतरी, कर्मा सेवा संस्था धमतरी, शिवसेवा संकल्प समिति धमतरी, श्रीराम प्रभात शाखा सोरिद, खेलो इंडिया खेल विभाग धमतरी, छत्तीसगढ़ अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ, धमतरी के सर्व समाज, भोजेंद्र साहू पतंजलि संस्था के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर राजेश शर्मा संरक्षक, लक्ष्मण लाल साहू अध्यक्ष क्रीड़ा भारती, सलाहकार वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी एआर थिटे, सत्यवान यादव, श्रीमती श्यामा साहू महिला प्रभारी, ननकू महाराज जिला महामंत्री, सचिव रामकुमार साहू, शिवा प्रधान, विजय यादव, ईश्वर पटेल, टिकेश्वर निर्मलकर जिला खेल प्रभारी, नीलमणि साहू, यशवंत साहू, कुंदन ठाकुर, गगन कुंभकार, गोपी साहू, मनीष मसीह उपस्थित थे।

# योग मानव को निरोग व स्वस्थ बनाता है : रामटेके



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती एस रामटेके ने कहा कि मानसिक व शारीरिक विकास में योग रामबाण है। योग मानव को स्वस्थ व निरोग रखता है। लक्ष्मीनाथ शांडिल्य व्याख्याता द्वारा योग के लाभ, सावधानियां एवं नियमों की जानकारी दी गई । शीर्षासन, पद्मासन, हस्तपाद आसन, भुजंगासन, कपालभाति, मंडूकासन, वृक्षासन, ताड़ासन, सूर्य नमस्कार आदि आसनों के बारे में बताया गया। गणेशप्रसाद साहू व्याख्याता ने कहा कि अभ्यास से हम अपने स्वास, प्राण और हृदय से जुड़ते हैं फिर शरीर मन और चित्त से जुड़ जाते हैं। जिंदगी को सुखी व आनंदमय बनाने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

इस अवसर पर शिक्षकगण राकेश साहू, रामशरण मिश्रा, गोविंद सिन्हा, विनोद ध्रुव, उमाकांत साहू, संतोष सेन, कुशाग्र साहू, मंजूषा साहू व्याख्याता, रेखा देहारी, रेणुका ध्रुव, स्वाति सोरी, लखन्तीन, दीपा साहू, टामिन, उमेश्वरी, वर्षा तथा स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सीएम के आने से पहले कांग्रेस आईटी सेल विस अध्यक्ष-महासचिव हुए गिरफ्तार



- कांग्रेसियों ने कहा : पुलिस प्रशासन ने बिना कारण किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के धमतरी आगमन के 3-4 घण्टे पहले डीएसपी नेहा पवार ने कांग्रेस आईटी सेल विधानसभा अध्यक्ष गीतराम सिन्हा एवं महासचिव आशुतोष खरे को गिरफ्तार कर रुद्री थाना में बिठा दिया। कारण पूछने पर मुख्यमंत्री को काला झंडा दिखाए जाने की खबर का हवाला दिया। इसके अलावा कुरूद आईटी सेल विधानसभा अध्यक्ष एवं कांग्रेस आईटी सेल लोकसभा अध्यक्ष तुषार जैस को भी पुलिस टीम ने रास्ते में रोककर पास की दुकान में बिठा दिया। इस घटना पर गीतराम सिन्हा ने कहा कि जहां साय सरकार बलौदाबाजार में हुई घटना पर कुछ नहीं कर सकी वहीं धमतरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बिना कारण परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है। आईटी सेल लोकसभा अध्यक्ष तुषार जैस ने कहा कि कांग्रेस आईटी सेल द्वारा मुख्यमंत्री को काला झंडा दिखाने जैसी कोई योजना नहीं बनाई गई थी और न ही भीड़ जुटाई गई थी। शासन-प्रशासन द्वारा मनगढ़ंत कहानी बनाई गई।

# योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का लिया संकल्प



- धीवर समाज ने मनाया योग महोत्सव, 24 आसनों का किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धीवर समाज द्वारा शीतलामाता मंदिर परिसर महिमासागर वार्ड में योग महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से समाज को संदेश दिया गया कि योग को अपनाकर प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ हो सकता है। रोगों को दूर कर सकता है। यदि व्यक्ति स्वस्थ होगा तो वह अपने परिवार को भी स्वस्थ रखेगा, परिवार स्वस्थ होगा तो संपूर्ण समाज भी स्वस्थ होगा। स्वस्थ समाज ही विकास की राह में तेजी से अग्रसर हो सकता है।

योग प्रशिक्षक कोमल सार्वा के मार्गदर्शन में बच्चों, युवाओं एवं वरिष्ठजनों ने योग के आसनों का अनुसरण किया। धीवर समाज की बेटियां सुश्री हर्षिता नाग, खुशबू नाग, झरना मीनपाल एवं सुमन मीनपाल ने योग के आसनों का प्रदर्शन किया। योग प्रशिक्षक कोमल सार्वा द्वारा योग के 24 आसनों का अभ्यास कराया गया। मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में दिलीप कुमार नाग जिला समन्वयक गायत्री शक्तिपीठ धमतरी ने कहा कि योग हम सबके लिए पूर्वजों का अमूल्य वरदान है। योग को नियमित रूप से अपनाकर बिना कोई खर्च के स्वयं एवं परिवार को रोगों से दूर रखा जा सकता है।

धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि समाज में पहली बार योग दिवस का आयोजन किया गया है। समाज का कार्य प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, प्रत्येक परिजन के सुख -दुख का ध्यान रखना है।

कार्यक्रम में होरी मत्स्यपाल, नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, हेमंत मत्स्यपाल, सोहन धीवर, सोनू नाग, शत्रुघन धीवर, यशवंत कोसरिया,पवन हिरवानी, सुनील निषाद, दीक्षा तृप्ति सहित बड़ी संख्या में समाजजनों ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

# सीएम से मेडिकल, इंजीनियरिंग, डीएड एवं बीएड कालेज की मांग

#### मुख्यमंत्री को निगम जल विभाग अध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम जल विभाग के अध्यक्ष अवैश हाशमी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर शहर हित की विभिन्न मांग रखी है। बताया कि शहर विकास हेतु पांच करोड़ के कार्य स्वीकृत हुए थे। इन कार्यों में केनाल से नवागांव वार्ड रोड, हरफतराई तक डामरीकरण निर्माण शामिल था। शहर से यातायात के दबाव को कम करने एवं ग्रामीण और शहर वासियों के लिए वैकल्पिक बाईपास जरूरी है। मेडिकल, इंजीनियरिंग, डीएड एवं बीएड कालेज की मांग की की। उद्योग धंधे स्थापित होने से युवाओं को रोजगार मिलेगा। गंगरेल, रुद्री, माड़मसिल्ली एवं नरहरा जलप्रपात को सर्व सुविधायुक्त पर्यटन स्थल बनाने के लिए प्रोजेक्ट बनाकर काम किया जाए। स्टेशनपारा झुग्गी झोपड़ी बस्ती वालों के लिए दो - तीन साल से रुके बहुमंजिला आवास को जल्द बनाने की मांग रख सीएम को ज्ञापन सौंपा।



### बेहतर इलाज के लिए शासन से आस

**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का शुक्रवार को नगर आगमन हुआ। हाथी पांव बीमारी से ग्रसित चुरामन देवांगन ने सीएम को छत्तीसगढ़ शासन से बेहतर इलाज के लिए फोटो सहित आवेदन किया।


#### जान जोखिम में डाल नदी पार कर रहे ग्रामीण

# झमाझम बारिश से अभ्यारण्य के सीतानदी में आई बाढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिले के सीतानदी अभ्यारण्य से बोराई उड़ीसा कोंडागांव जाने वाले मार्ग में सीतानदी का रपटा बना हुआ है। शुक्रवार को दोपहर तीन बजे लगातार तेज बारिश हुई। तेज बारिश के कारण नगरी बोरई मार्ग पर बना रपटा जलमग्न हो गया गया है।

ज्ञात हो कि नगरी-उड़ीसा के साथ ही नगरी ब्लॉक की पंचायत में से बोराई मैनपुर-घुटकेल लिखमा, बोराई थाना को जोड़ने वाला एक मात्र यही रोड है। तेज बारिश के चलते सीतानदी में बाढ़ आ गई है जिस कारण कई घंटों तक आवाजाही अवरुद्ध रही। इससे ब्लाक मुख्यालय का संपर्क टूट गया। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हल्की बारिश में भी सीतानदी जल्द जलमग्न हो जाती है और जल्द ही नदी से पानी का स्तर कम हो जाता है। फिलहाल सीतानादी रपटे के ऊपर से बाढ़ का पानी चल रहा है लेकिन जलस्तर कम हो चुका है। आवाजाही चालू हो गई है।



**कई बार दे चुके हैं आवेदन**

क्षेत्र के लोगों ने जब रोड का निर्माण हुआ था तब उस समय पुल की मांग को लेकर कई बार शासन-प्रशासन को आवेदन दिया था। कुछ लोगों का कहना है कि अभ्यारण्य क्षेत्र अंतर्गत आने के कारण पुल का निर्माण नहीं किया जा रहा है।

